भूमि पूजन के लिए 72 हजार करोड़ के 1200 प्रोजेक्ट तैयार : नन्दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा है कि ग्राउंड ब्रेकिंग (भूमि पूजन) समारोह के लिए 72 हजार करोड़ रुपये की 1200 परियोजनाएं धरातल पर उतरने के लिए जहां पूरी तरह तैयार है, वहीं, सैकड़ों अन्य प्रोजेक्ट भी स्वीकृति की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने दावा कि सितंबर में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तय 10 लाख करोड़ रुपये की योजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य हर हाल में पूरा होगा। मंगलवार को विधान भवन में औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा के क्रम में मंत्री नन्दी ने यह बातें कहीं। इस मौके पर राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी भी मौजूदा रहे।

मंत्री नन्दी ने कहा कि उद्योग को बढ़ावा देने और उद्यमियों की मदद के लिए 105 उद्यमी मित्रों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सभी की नियुक्ति 26 मई को होगी और इन्हें दो सप्ताह का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इनकी तैनाती विभिन्न जिलों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में की जाएगी। समीक्षा बैठक में मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यूपीसीडा में काफी बड़ी संख्या में बीमार इकाइयां हैं, 1000 एकड़ से ज्यादा की भूमि पर खंडहर खड़े हैं। इनका आकलन कर प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि नोएडा अथारिटी द्वारा भंगेल एलिवेटेड सेतु का कार्य सेतु निगम को दिया गया था जिसके पूर्ण होने की तिथि दिसंबर 2022 थी, जिसे बढ़ाकर दिसंबर 2023 किया गया था। लेकिन मौजूदा प्रगति देखते हुए ऐसा लग रहा है कि यह कार्य दिसंबर तक भी पूरा नहीं होगा।

नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी (फाइल फोटो)

उन्होंने कहा कि यह परियोजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री ने मई 2020 में किया गया था। सभी गतिरोधों को दूर करते हुए इसका निर्माण हर हाल में इसी वर्ष दिसंबर तक पूर्ण कराया जाए।